CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

चित् आनंद

चिदानंद नगरकर

Chit - Anand

Chidanand Nagarkar



Funding by IKS-MoE

CHIT – ANAND

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CHIDANAND DATTATRAYA NAGARKAR (1919-1971) was a versatile genius by any standard. It was left to his *guru*, Acharya S.N. Ratanjankar, to discern the merits and abilities of his worthy *shishya*. That explains why the Acharya assigned to him the onerous task of setting up Bharatiya Sangit-Nartan Shiksha Peeth under the aegis of the prestigious Bharatiya Vidya Bhavan in Bombay.

Nagarkar headed the institution with distinction for 25 years. Around him was a galaxy of excellent teachers to help him carry forward the affairs of the institution. And, with the unstinted co-operation of his colleagues, he groomed a large number of students in the unique tradition bequeathed by his *guru's guru* Pandit Vishnu Narayan Bhatkhande.

Nagarkar was a sensitive performing artiste, devoted teacher and efficient organiser rolled into one -- and something more. He was also a composer of uncommon merit, with a string of melodic innovations and compositions to his credit. It is a tragedy that a large number of them are not available in written word. Thanks to the relentless effort on the part of his disciples, ardent admirers and close friends, it has been possible to bring to light 50 of his compositions of which a few are in ragas composed by him.

Some more compositions about which incomplete information is available have also been included.

(Continued on second flap)

Funding by IKS-MoE

Rs.80/-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चित् आनंद
Chit - Anand

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चित् आनंद

चिदानंद नगरकर

Chit - Anand

Chidanand Nagarkar

Bhawan's Sri Sankaracharya ...
1033
Bharatiya Vidya Bhavan ...

Bharatiya Vidya Bhavan

Popular Book Depot

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CHIT-ANAND
Chidanand Nagarkar

© Durgabai Nagarkar,
Gurucharan Nagarkar
Geeta Mavinkurve
Kanti Karnik
(for compositions)

First Published :
14th September, 1991

Published by
Manmohan Bhatkal
for Acharya Chidanand Nagarkar Smarak Samiti
Popular Book Depot
217 Raja Rammohan Roy Marg
Bombay 400 004

Typset by :
Bell Associates
199 V.P. Road
Bandra, Bombay 400 050

Printed by :
P.P. Bhagwat
Mouj Printing Bureau
Khatau Wadi,
Girgaum
Bombay 400 004

Bhawan's Sri Sankaracha... Bharatiya Vidya ...
1033

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CONTENTS
अनुक्रमणिका

Publisher's Note 7

प्रस्तावना 9

Pandit Chidanand Nagarkar 13
- *S. Ramakrishnan*

A Genius that died young 17
- *Mohan Nadkarni*

आचार्य चिदानंद नगरकर 21
- *वसंत पणशीकर*

My Guru 31
- *Vasanti Kodikal*

मेरा कुछ आत्मकथन 37
- *एस. सी. आर. भट्ट*

A Tribute 41
- *Chitra Bailur*

बंदिकोंका अनुक्रम 45

बंदिशे (Compositions) 49

Nagarkar at his desk 147

दोहे (Poetic compositions) 154

Composed for Prof. Boatwright 156

A new composition in making 159

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

PUBLISHER'S NOTE

After the sad and untimely demise of Acharya Chidanand Nagarkar on 26th May 1971, one of his devoted *shishyas* Vasant Panshikar began initial work on collecting the *bandishes* composed by the creative artiste. The work gathered momentum after Panshikar retired in 1986 and it got some impetus only after Acharya Chidanand Nagarkar Smarak Samiti was constituted.

After the material was gathered, Panshikar along with Vasanti Kodikal, Dr.S.C.R.Bhat and Dr.K.G.Ginde perfected the notations and prepared the press copy. This was an arduous task. Nagarkar had not documented systematically either the *bandishes* or their notations. Most of these had to be collected from his students, friends and colleagues (like the *yogashree* and the first lines of *des* and *hansadhwani* presented in this book). Many of Nagarkar's creations have remained only in the memory of his admirers who have heard these presented by him in concerts. Regretably these melodious creations are lost to us.

On a personal note, having heard scores of Nagarkar's concerts, it could be said that his performances were presented with head and heart. For Nagarkar every performance was an *archana* — an offering, a dedication and a prayer. It is because of this deep rooted faith that he could keep his listeners enthralled.

Similarly, I recall that before Nagarkar joined the Bharatiya Vidya Bhavan, he had worked in details on a dance group — choreography, scripts, costumes, musical score, rehearsals *et al* — which he had planned for a tour of the country and abroad.

We wanted some of the aspects of Nagarkar's life and work to be outlined in this book. Vasanti Kodikal and Vasant Panshikar, two of his students have provided us with

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



With Kulapati
K.M. Munshi (centre)
Others from left:
S.N. Ratanjankar,
Dr. B.V. Keskar,
K.S. Mallik, Nagarkar



With Lilavati Munshi
(at the mike;)
Others from left:
K. G. Ginde,
Prof. B. R. Deodhar,
Nagarkar,
R.L. Banker.



With
Ali Akbar Khan

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



With Amir Khan
Vilayat Husain Khan
Amir Husain Khan
and others participating in
Bhatkhande Sangit Samaroh

the Bhavan days
.. among the celebrities

Yunus Husain Khan
S.C.R. Bhat
Savitri Sthalekar
Vasanti Kodikal
Nagarkar
K.G. Ginde
Alla Rakha
(with young, Zakir Husain)
Vilayat Husain Khan
Azmat Husain Khan
Latafat Husain Khan

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



CHIDANAND DATTRATRAYA NAGARKAR
(November 28, 1919 May 26, 1971)

He had many more songs to sing

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रस्तावना

२६ मई इ.स. १९७१ में, आचार्य चिदानंद नगरकरजी का आकस्मिक निधन हुआ। उनके पश्चात् उनके एक शिष्य के नाते, उनकी जो बंदिशे थीं, और जो उन्होंने मुझे गुरुशिष्य परंपरा के नाते सिखाई थीं उन्हें पुस्तक रुप में संकलन तथा स्वरबध्द करने का, मै ने संकल्प किया किन्तु कुछ अनिवार्य कारणों से, मैं उसे पूर्ण न कर सका । किन्तु जब मै अपनी रकारी नौकरी से निवृत्त हुआ, तब यह कार्य फिरसे करने का मै ने दृढ निश्चय किया, और इ.स. १९८७ में, मैने, "आचार्य चिदानंद नगरकर स्मारक समिती" की स्थापना की । उस समितिके अनुसार "पुनश्च हरि होम" के नाते, यह कार्य शुरु हुआ । मै बहुत प्रसन्न हुँ कि, आज लगबग १९ साल के बाद भी क्यों न हो, यह पूर्ण हुआ है।

यह प्रकल्प पूरा करने में, मुझे मदनलाल जी व्यास, वासंती कोडिकल, मुरलीधर खंबत कोण, डॉ.एस.सी.आर.भट्ट और मेरे प.पू.गुरुवर्य डॉ.के.जी.गिंडे और मेरी धर्मपत्नी सौ.शैला पणशीकर इन सब व्यक्तियों का बड़ा योगदान मिला है। गुरुवर्य भट्टसाहब का कार्य सबसे महत्वपूर्ण माना जायेगा क्योंकि उन्होंने अपने प्रकृतिस्वाथ्य को बाजू रखकर, अथक परिश्रमपूर्वक इन बन्दिशों की ठिक तरह से जाँच पड़ताल की है। श्री. व्यास जीने मेरा लिखा हुआ, गुरुजी का अल्पचरित्र (जीवनधारा) ठीक तरह से पढ़कर, उसे व्याकरणदृष्ट्या और अनेक अंगसे संक्षिप्त रुप देकर बड़ी सहायता की है। यह सब तैयार किया हुआ काम, श्रीमान सदानंदरावजी भटकल साहबने अपनाया है, और उसे ठीक ढंग से छपवाने की, तथा उसका प्रकाशन करणे की संपूर्ण जिम्मेदारी उठाई है। मै सभी सज्जनों का आदरपूर्वक ऋणी हूँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है की एक दीर्घ कालावधी के पश्चात क्यों न हो, इस पुस्तक को मैं ने आपके सामने सुपुर्द किया है, जो मेरे प. पूज्य गुरुजी स्व.नगरकरजी, स्वयं रचयिता होकर भीं, प्रकाशित न कर सकें। मैं अपने को बड़ा भाग्यवान समझता हूँ और यह कठिण कार्य मैने, उनके आशिर्वाद से ही पूरा किया है, मै श्रद्धापूर्वक मानता हूँ। इस तरह उनकी अभिलाषा की अंशतः पूर्ति करने में, मै सफल हो सका हूँ। यह सब बंदिशे जो लगभग ५० तक हैं स्व. आचार्य चिदानंद नगरकरजी ने "चित आनंद" नाम से लिखी हैं । इसीलिये इस पुस्तक को यह नाम दिया गया है। मुझे आशा है

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
कि संगीत के अनेक छात्रगण, विद्वतजन तथा सर्वसाधारण संगीत रसिक प्रेमी जो इसकी प्रतिक्षा में रहे हैं, वो भी लाभान्वित हो सकेंगे।

अक्षय्यतृतीया
दिनांक २७ एप्रिल १९९०

मुंबई ४०० ०९३

वसंत पणशीकर
आचार्य चिदानंद स्मारक समिति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सबमें मैत्री लगाई के
सबको करिये सहाय॥
औरन के हित ~~सोच~~ वृक्ष
होवे
याही सोचत रहिये
औरन के चित आनन्द हो को
अब ~~नाचिय~~
लीजिये अपनाय॥

P. Rajan

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

PANDIT CHIDANAND NAGARKAR

Pandit Chidanand Nagarkar, the first Principal of the Bhavan's Bharatiya Sangit Shikshapith, Bombay, had an abiding love for the Bhavan and Indian culture.

I had the pleasure of working with him right from 1947. In 1946-47 when the construction of the Bhavan's Central Home was nearing completion, Smt. Lilavati Munshi planned several new activities for the Bhavan. The Bharatiya Sangit Shikshapith was one of them.

Padma Bhushan Acharya Dr. S. N. Ratanjankar, the distinguished musicologist and music maestro, came to Kulapati K.M. Munshiji and pleaded that as music and the fine arts no longer enjoyed the patronage and support of maharajas, nawabs and zamindars, voluntary institutions like the Bhavan should come forward to support music, dance and drama in order to revive their glorious tradition. He strongly advocated the setting up of a college of music and fine arts under the auspices of the Bhavan.

Kulapati Munshiji heartily responded to the suggestion. Believing as he did that institutions are made or marred by men, he told Pandit Ratanjankar that it would be his primary responsibility to provide good, competent and, above all, unselfish and dedicated personnel to run the proposed college of music. Ratanjankar, with his missionary zeal, spontaneously and unreservedly responded and said he would give a hand-picked staff for the Bhavan's Sangit Shikshapith and offered one of his ablest and exceptionally talented disciples, young Chidanand Nagarkar, for the post of the Principal of the Bhavan's Bharatiya Sangit Shikshapith.

Nagarkar's association with the Bhavan thus started with the blessings of his guru, Ratanjankar, and Kulapati Munshiji. The Faculty of the Bhavan's Sangit Shikshapith

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
consisted of several other equally young talented and promising musicians like Pandit K.G. Ginde, Pandit S.C.R. Bhat and Pandit C.R. Vyas, all of whom have made their mark in the field of Hindustani classical usic.

Nagarkar put his heart and soul into the building up of the Sangit Shikshapith as one of the foremost institutions of the country. He got the Shikshapith affiliated to the Bhatkhande Sangit Vidyapith, Lucknow.

The students of the Shikshapith are trained for the degree of Sangit Visharad. Ratanjankar was one of the foremost disciples of Pt. Vishnu Narayan Bhatkhande and the services rendered by Bhatkhande and Ratanjankar to Indian music will ever remain fresh in the minds of music lovers all over India.

The Bharatiya Sangit Shikshapith has the distinction of sending the largest number of students to the degree examination of the Bhatkhande Sangeet Vidyapith every year.

The monthly programmes of the Shikshapith, known as "Sangit Vrind", and the annual Bhatkhande Samaroh were eagerly looked forward to in those days.

The Bharatiya Sangit Shikshapith has produced many distinguished graduates in music and talented musicians, many of whom have occupied and continue to occupy high positions in the world of music in India and abroad.

Nagarkar had the capacity to spot budding talent and train them. Vasanti Kodikal, Shashikala Kaikini, Sadanand Pattiarchi, Tej Krishna Jalali, Durgesh Chandaverkar, Suman Savur, Sushila Nadkarni and several others who learnt music under him have become noted names in the world of music today. He had a streak of genius in him. He could quickly grasp the best in any style. This added richness and variety to his music.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Endowed with a rich, resonant voice, Nagarkar's music had a lingering effect on the audience. Shri Pranlal Devkaran Nanjee, who was a great lover of music and culture, was very fond of Pandit Nagarkar's rendering. He often invited Nagarkar to his residence for music recitals. The ever-smiling and ever-busy Pranlalbhai would even telephonically remind those close to him about Pt. Nagarkar's radio concerts.

Chidanand Nagarkar, who hailed from Bangalore, had a rare mastery over all contemporary forms of classical Hindustani compositions and devotional music.

He was a bold experimenter and composer. Besides his rare mastery in vocal music, he was also very good at playing harmonium and tabla. His interests were many and varied such as cricket, astrology and yoga. He had the gift of materialising *vibhuti* and *kum kum* but would not display this power except on very rare occasions.

In recognition of Pt. Nagarkar's services to the cause of music, Rashtrapati Dr. Zakir Husain, during Bhavan's tri-decennial celebrations held in Bombay in 1968, presented him with the Distinguished Service plaque.

Chidanand was a great devotee of Sri Satya Sai Baba. Whenever Sri Satya Sai Baba visited Bombay, he used to work as a captain of the volunteer corps.

Once, when Sri Satya Sai Baba was staying at 'Dharmakshetra', Andheri, I had the privilege of having his darshan. Nagarkar was on duty then. Noticing a little commotion and some exchange of hot words among a group of volunteers, the alert Nagarkar rushed to the spot and began pacifying them. Poojya Baba who happened to pass by, stopped for a while and humorously remarked "Chidanand. see that Dharmakshetra is not turned into Kurukshetra!" Nagarkar enjoyed Baba's hilarious but meaningful remark very much and had a merry, childlike,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

laugh, though the atmosphere was solemn.

Ustad Alla Rakha, tabla maestro of international fame, has worked with Pandit Nagarkar who brought him to the Bhavan's Sangit Shikshapith as a tabla teacher in 1950.

Pt. Nagarkar's death on May 26, 1971, following a heart-attack, was as sudden as it was unexpected. He was only 52.

The Bhavan has always endeavoured to maintain familial bonds with its staff. Pandit Nagarkar's dedicated service to the Bhavan and particularly to the Shikshapith during its formative period was also considered when the Bhavan decided to offer a modest help to the family till Nagarkar's son Gurucharan completed his collegiate education.

It redounds to the credit of the Nagarkar family that as soon as Gurucharan completed his education he conveyed to the Bhavan that this help be discontinued. This was to be expected from the son of Pandit Nagarkar who had a high sense of fairplay.

One of the greatest assets of the Bhavan is its band of dedicated, unselfish, talented workers. Chidanand Nagarkar is one of the precious gems among them.

4th July, 1991 — S. Ramakrishnan

Bharatiya Vidya Bhavan
Bombay 4

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

A GENIUS THAT DIED YOUNG

The world of Hindustani music in general and the community of Chitrapur Saraswats in particular suffered a truly tragic loss when Chidanand Nagarkar passed away suddenly in Bombay on May 26, 1971. True, death comes to all. But then 51 years was not the age to die. The loss is immeasurably greater, when one recalls to mind his achievements as a man of many parts. His versatility in so many fields – cricket, dance, astrology, spirituality and occult sciences, besides his originality and virtuosity as a vocalist, scholar, composer and innovator – put him in a class by himself. He was equally adept as a percussionist and harmoniumist, too.

Nagarkar inherited his legacy of artistic talent from his father, who had a flair for devotional music and stage acting. The home of the Nagarkars was, in fact, rendezvous of musical celebrities of the eminence of Ustad Faiyaz Khan. It is natural that such an environment nurtured the sensibilities of young Chidanand almost right from his infancy.

However, those were the times when normal academic education was regarded as the only right type of pursuit for children from sophisticated families, and Chidanand's father, a high official in a leading textile mill at Bangalore, understandably wanted his son to grow after the fashion of ideal graduates and pursue a successful career in service.

As for the son, music coursed through his veins, and he longed for a life in the concert world. And it was not long before the discerning father, too, realised the futility of forcing his young son into channels that simply did not interest him.

So it was that Chidanand was first placed under the tutelage of Govind Vithal Bhave, a local vocalist, who gave

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

him sound grounding in the basics of Hindustani music. Later, to continue his advanced studies, he was sent to Lucknow to pursue his chosen path under the guidance and direction of Acharya S. N. Ratanjankar at the Marris College of Hindustani Music, now known as the Bhatkhande Vidya Peeth.

Acharya Ratanjankar was the head of the institution and had already made his mark as one of the most eminent *gurus* of the time in the field. He discovered in his pupil all the makings of a future celebrity, and gave him the full benefit of his scientific method of instruction in all the *genres* of Hindustani music, ranging from *dhrupad, dhamar* and *khayal* to *tappa* and *thumri*. In time to come, Chidanand achieved eminence in the field, so much that at 26 (in 1946), he was appointed as the first principal of the newly-started Bharatiya Sangeet-Nartan Shiksha Peeth under the Bharatiya Vidya Bhavan in Bombay. In the discharge of this onerous responsibilities, he had with him a dedicated team of scholar-musicians like Sitaram Pant Mody, a *gurubhai* of Acharya Ratanjankar, and S.C.R. Bhat, the senior *gurubhai* of Nagarkar himself.

With the initiative and drive so typical of him, Nagarkar soon addressed himself to the task of extending the scope of the activities of the institution in various ways. He recruited more staff and started sections to impart instrumental music and dance well. As an extra-curricular activity of his college, he set up a music circle and enlisted spontaneous cooperation of a glorious line-up of musical luminaries like Kesarbai Kerkar, Ali Akbar Khan and several others, to perform under the aegis of Sangeet Vrind, the music circle he so aptly styled.

He also organised marathon *sangeet sammelans* in observance of the death anniversary of Pandit Vishnu Narayan Bhatkhande, who was his *guru's guru*. This annual *sammelan* was the first of its kind to be held in the

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
metropolis and naturally, it became an event to look forward to with a keen anticipation by the musical *milieu.*

A distinctive feature of this memorial event was the representation given to the young emerging talent, side by side with the veterans. It must be regarded as a trend-setter, where two generations of musicians were seen to perform on a common platform. These annual *soirees* are still being held with resounding success at the Bharatiya Vidya Bhavan and they draw capacity crowds.

Nagarkar is rightly acclaimed as a musical genius with a fine sense for the spectacular. Yet, from the assertive dignity of his manner came a cultured and aesthetic representation of his personality-bound music. His was a massive mode of expression, often reminiscent of Faiyaz Khan. No doubt, it struck a happy accord with his deep and manly voice. But there was no undiscerning imitation of the Ustad in his approach. He used it as a foundation on which he built his musical superstructure that had the unmistakable stamp of his distinctive individuality.

Nagarkar's depictions were, in fact, marked by something much deeper than a mere display of an art cultivated through deep contemplation and deliberate concentration. In sum, there was in them an uncanny blend of classical restraint and emotional freedom – of the kind that showed his reverence of tradition and catholicity of outlook in keeping with the changing times.

A bold experimenter and composer, Nagarkar innovated a string of melodies like *Kaishiki-Ranjani, Ambika-Sarang*, and *Yoga-Shri*, to name only a few. He sang them in self-composed *bandishes*. Most of these *ragas* and *bandishes* have achieved recognition and pride of place in the vast repertory of Hindustani *ragas*, and many top-notchers of the present generation, like C.R. Vyas and Malini Rajurkar, render them at their concerts, acknowledging their deep gratitude to the departed genius.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Equally deep was Nagarkar's involvement in other fields mentioned earlier. He had taken lessons in Kathak dance from Shambu Maharaj, possibly the most eminent Kathak maestro of our time. He was a self-taught harmoniumist and played the tabla with practised ease. He had drunk deep in astrology and could quote chapter and verse from Sanskrit treatises on the subject in support of his predictions. There are many who could find his predictions accurate. In his earlier years, he had also mastered the science of crystal-gazing.

No less abiding was Nagarkar's interest in cricket. When in mood, he would keep his listeners spell-bound as much by his comments on the cricket scene as by his soulful music.

In the last few years of his life, Nagarkar came under the influence of Satya Sai Baba and had turned introvert and rather detached. It is said that he had even predicted the date and time of his death.

I was Nagarkar's neighbour at Mahim in Bombay for five years, and I have haunting memories of his goodwill and friendship. He was as temperamental and moody as he was kind and affectionate. There were occasions for sharp exchages and humorous encounters as well. But in the final analysis, he was a man with childlike simplicity, who bore no grudge, nor malice, towards friends like me.

12th February, 1991 — Mohan Nadkarni

302 Kanchanban
Dixit Road Extention
Vile Parle (East)
Bombay 400057

Funding by IKS-MoE

या कुन्देन्दु तुषार हार धवला या शुभ्रवस्त्रवृता ।
CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
या वीणा वरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना ।।
या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदावन्दिता ।
सा माम् पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा ।।

आचार्य चिदानंद दत्तात्रय नगरकर

आचार्य चिदानंद दत्तात्रय नगरकर का जन्म शुक्रवार दिनांक २८ नवम्बर १९१९ को बंगलूर के मल्लेश्वरम् गांव में एक सुविद् सारस्वत कुटुम्ब में हुआ। पांच वर्ष की आयु में यानी १९२४ में चिदानंद घटसर्प (डिफ्थेरिया) से पीड़ित हुए। स्वस्थ होने पर वे सन् १९२६ से दत्तजयंतीउत्सव पर भजन गाने लगे। उनके घर में इस उत्सवके उपलक्ष्य में कीर्तन हुआ करता था। इस उत्सव में आठ वर्ष की आयु में नैसर्गिक गुणसंपन्न बालक चिदानंद अपनी नन्हीं उंगलियों से तबला बजाता तथा भजन गाता। उनके पिताश्री कीर्तनके समय मृदंग, बेला, तबला आदि क्रमशः बजाते थे। छः भाई एवं तीन बहनों के इस परिवार के प्रत्येक सदस्य को संगीत में ग़हरी रुचि थी; वास्तव में इस सुसंस्कृत परिवार का वातावरण संगीतमय था।

आचार्य चिदानंद ने १३-१४ वर्ष की आयु में यानी १९३३ में स्कूल की पढाई छोड दी और स्व. नारायणराव व्यास और स्व. विनायकराव पटवर्धन द्वारा स्थापित गांधर्व महाविद्यालय में संगीत-शिक्षा पाने के उद्देश्य से दाखिल हो गये। वे स्व. गोविंद विठ्ठल भावे से संगीत की शिक्षा ग्रहण करने लगे। स्वर ज्ञान एवं कुछ रागों की शिक्षा से ही उनकी संगीत-शिक्षा का श्रीगणेश हुआ। उनके पिताश्री चाहते थे कि बालक चिदानंद स्कूल-कालेज पढाई की ओर विशेष ध्यान दे, किंतु स्वर सौंदर्य, उदात्त संगीत उन्हें उस नीरस स्कूली जीवन से विरत करता रहा। परीक्षा निकट आने पर वे पेड़ पर चढ़कर गाना गाने लगते। पिताश्री की डाँट और पिटाई का भी कोई असर नहीं हुआ और उनका स्कूल जाना भी बेकार ही रहा। चिदानंद ने एक बार पिताश्री से कह ही दिया कि उन्हें भोजन से भी गायन अधिक प्रिय है। बाद में जब उनके बड़े भ्राता स्व. श्रीपांडुरंग ने उन्हें कहा कि गाना भी सीखो और पढ़ो भी तब वे दोनों कार्य करने के लिए राजी हो गये।

१९३४ ई. में उनके पिताश्री बहुत बिमार हो गये। पिताश्री को जब यह महसूस हो गया कि वे अब बच नहीं सकेंगे तब उन्होंने चिदानंद को

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वहाँ बुलाकर भैरवी राग में एक गीत सुनाने को कहा। वह गीत था 'बहुत सही होरी जारी'। यह गीत सुनकर पिताश्री बहुत प्रसन्न हुए और उन्होने वेटेको अपनी बाहों में भरकर आंतरिक आशीर्वाद दिया। दिसंबर १९३४ में पिताश्री का देहान्त हो गया। इसके बाद आचार्य चिदानंद ने यह गीत जीवनभर कभी नही गाया। पिताश्री के देहावसान के बाद चिदानंद के पालनपोषण का भार उनके बडे भाई ने उठाया। उन्होंने १९३५ में ही चिदानंद को संगीत-शिक्षा के लिए सर विलियम मॅरिस कालेज (अब भातखण्डे महाविद्यालय) लखनऊ भेजा। प्रबुद्ध शिक्षार्थी चिदानंद की प्रगति से प्रसन्न होकर कालेज के आचार्य श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर ने उनके बडे भाई को लिखा कि "चिदानंद एक दिन संगीत की दुनिया में अपना नाम रोशन करेगा"।

अपने गुरू पं. रातंजनकर को बिना बताये ही आचार्य चिदानंद कथक गुरू पं. शम्भु महाराज से कथक नृत्य की शिक्षा ली। इसका उद्देश्य ध्रुपद-धमार-खयाल-ठुमरी आदि की प्रस्तुति में तालशुद्धि का ज्ञान प्राप्त करना था। शम्भु महाराज ने उन्हें गण्डाबन्ध शागिर्द बनाया और नियमित शिक्षा देनी आरम्भ की। शम्भु महाराज ने आचार्य चिदानंद को नटवरी नृत्य व भावाभिव्यंजना की भी तालीम दी। इस साधना-आराधना में रत रहते समय चिदानंदजी उदयशंकर दल की ओर आकृष्ट हुए। शम्भु महाराज को यह बात ज्ञात होने पर उन्होंने उन्हें नेक सलाह दी कि नृत्य के बजाय वे गायन साधना पर ही ध्यान केन्द्रित करें। कई बरस बाद भारतीय विद्या भवन की संगीत-नर्तन पीठ के प्राचार्य पद पर रहते समय सन् १९४७ में आचार्य चिदानंद ने भातखण्डे - पुण्यतिथि के अवसर पर शम्भु महाराज का रातभर का नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया।

मॅरिस कालेज में शिक्षा पूरी होने पर १९३९ में आचार्य चिदानंदजी जब अपने गांव बंगलोर गये तब वहाँ के एक सामाजिक क्लब 'कैनरा यूनियन' ने उन्हें गायन - कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। उस रात की महफिल ऐसी शानदार रही कि वहाँ के रसिक श्रोता इस अद्वितिय कलाकार को सुनने के लिए सदा लालायित रहते थे। जब भी मौका मिलता आचार्य चिदानंदजी वहाँ आकर महफिलें जमाते थे। यह वह समय था जब मॅरिस कालेज में पं. चिन्मय लाहिडी, पं. एस. सी. आर. भट, पं. के. जी. गिण्डे, पं. प. ना. चिंचोरे, पं. गोविंदराव दंताले, पं. दिनकर कायकिणी, रोशन लाल, सौ. सुमति मुटाटकर आदि संगीत-शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

आचार्य चिदानंद अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। आफताबे मौसकी

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
उस्ताद फैयाजखां की गायकी उनके गले में जैसे मूर्त रूप लेती थी। गुरुभक्ति, गुरुजनों के साथ सहवास, पं. रातंजनकर की स्वस्थ तालीम और बुजुर्गों के आशीर्वाद ने आचार्य चिदानंद को उच्चस्तर का कलाकार, आदर्श शिक्षक और वाग्गेयकार बना दिया। लखनऊ में पांच वर्ष की साधना के बाद संशोधन कार्य करने का उनका विचार था, किन्तु पारिवारिक परिस्थिति के कारण उन्हे यह विचार छोडना पड़ा। मंगलोर जाकर उन्होंने शिक्षक की वृत्ति अपनायी और एक वर्ष बादही वे मॅरिस कालेज में शिक्षक बने। इस समय अपने गुरू पं. रातंजनकर के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी साधना जारी रखी।

१२ मार्च १९४२ को आचार्य चिदानंद नगरकर का शुभ विवाह सुविद माविन कुर्वे परिवार की युवती दुर्गाबाई के साथ राणेबेन्नर (तत्कालीन मैसूर राज्य) में बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

१९४३ में उन्होंने एक नृत्य पथक तैयार किया और एक प्रोग्राम भी तैयार किया था। लेकिन संगीत शिक्षा में व्यस्त होने के बाद यह काम रुक गया।

गृहस्थ जीवन स्वीकार करने के पहले १९-२० वर्ष की आयु में उन्होंने मंगलोर स्थित प्रा. एम. आर. भट के मार्गदर्शन में श्रीमद् वराहमिहिर के 'बृहत्जातक' का अध्ययन किया और साथ ही वेदान्त में भी रुचि लेने लगे। उन्होंने श्रीरामकृष्ण परमहंस के उपदेशों को ग्रहण करने के साथ साथ भागवत, गीता का अध्ययन किया। विश्वविद्यालयीन शिक्षा तो वे ग्रहण नहीं कर सके किन्तु नगरकर परिवार के ग्रंथसंग्रह में से पुस्तकों का अध्ययन किया, जिनमें गणित विषय शामिल था। जातकशास्त्र के अध्ययन में यह अधिक उपयोगी रहा। इसके अलावा उन्होंने विविध विषयों का भी अध्ययन किया।

१९४२ से १९४५ तक चिदानंदजी देश के विभिन्न स्थानों पर अपने संगीत से रसिकजनों को मंत्रमुग्ध करते रहे और बम्बई नगर में उन्हें अच्छी ख्याति मिली। संगीतकार एवं रसिक सभी समान रूप से उनका गायन सुनने के लिए सदा लालायित रहते थे। बम्बई में भातखण्डे पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होनेवाला जलसा अपने ढंग का, चिरस्मरणीय रहता था। जिसमें देश भर के बडे-बडे कलाकार भाग लिया करते थे।

सन् १९४२ से चिदानंदजी बम्बई अकसर आया करते थे। सन् १९४६ में उन्होंने अपने गुरू पं. रातंजनकर के आदेश पर श्री. कन्हैयालाल मुन्शी प्रस्थापित भारतीय विद्याभवन के अंतर्गत भारतीय संगीत विद्यापीठ

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
में संगीत-वर्ग लेना आरम्भ किया। वहां वे प्रिन्सिपल के नाते नियुक्त हुऐ। इसमें पं. भातखण्डे की शिक्षा-पद्धति के अनुसार ही पाठ्यक्रम निश्चित थां। उस समय अन्य शिक्षक थे - पं. एस. सी. आर. भट तथा पं. सीतारामपंत मोदी। और पच्चीस छात्र थे। चार-पाच साल के बाद पं. तारानाथजी तबला शिक्षक के नाते नियुक्त हुवे। आचार्य चिदानंदजी के ध्रुपद - धमार गायन में संगत करनेवाले पं. तारानाथराव, उस्ताद अल्लारखा खां कहा करते "वह शेर था।"

यह संगीतशाला सन् १९५० में चौपाटी स्थित एक वास्तु में स्थानांतरित हुई। भारतीय विद्याभवन के निज वास्तु में पं. सी. आर. व्यास और पं. विनायकराव इंगले नियुक्त हुवे।

सन् १९५० में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने भारतीय विद्याभवन का उद्घाटन किया। सन् १९४६ से सन् १९४७ तक तालमकीवाड़ी में भातखण्डे-पुण्यतिथि पर संगीत समारोह होता रहा। उस अवधि में ही नर्तन विभाग भी इसी शिक्षा-पीठ के साथ जुड़ गया।

२५ वर्षों (१९४६ - १९७१) में शिक्षक के रूप में अपने कार्य के दौरान पं. चिदानंद नगरकर ने छात्रों के लिए 'संगीतवृन्द' नाम से एक छोटा संगीत मंच बनाया, जिसके संचालन का पूरा भार छात्रों पर ही रहा। इस संगीतवृन्द की ओर से साप्ताहिक संगीत सभा का आयोजन किया जाता था जिससे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान मिलता था। यह 'संगीतवृंद' आज भी सक्रिय है।

यहाँ मेरे गुरुवर आचार्य चिदानंदजी की विशालहृदयता एवं उदारता के मेरे अनुभव का उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा। सन् १९४६ से १९५१ तक मेरे वर्ग के छात्रों ने 'संगीत विशारद' का पाठ्यक्रम पूरा कर लिया किंतु सन् १९५७ में इस परीक्षा में मै बैठ नहीं सका। पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण मै भवन की दस रुपये मासिक शुल्क नहीं दे सकता था, अतः गुरु आचार्य चिदानंदजी ने कालेज छुडवाकर मुझे घर पर तालीम देना शुरू किया। यहा गुरु-शिष्य परम्परा की सही तालीम थी, जिसमें स्वर, कणस्वर, रागस्वरूप आदि का स्तरीय ज्ञान मिला। ऐसा गुरू भाग्य से ही मिलता है।

सन् १९५५ में तत्कालीन केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री डॉ. बी. व्ही. केसकर ने आकाशवाणी पर प्रसारित किये जाने वाले संगीत के लिए श्रवण कसौटी समिति की स्थापना की और उसे समाजाभिमुख बनानें के लिए पं. रातंजनकर को आमंत्रित किया। इस समिती में पं. रातंजनकर के अलावा गोविंदराव टेंबे, पं. विनायकराव पटवर्धन, पं. हाक्सर, ठाकुर

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



Tabla : H. Taranath
Sarangi : A. Kerkar
Tanpura : Narendra Padukone, M. S. Shete,

Tabla : Alla Rakha
Harmonium : P. Madhukar
Sarangi : Ram Narayan
Tanpura : M. S. Shete, Vasant Panshikar

for Chidanand Nagarkar every performance was archana

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Tabla	:	*Shashi Bellare*
Harmonium	:	*P. Madhukar*
Sarangi	:	*Dattaram Parvatkar*
Tanpura	:	*M. S. Shete, Vasant Panshikar*

Tanpura : *K.G. Ginde, S.C.R. Bhat*



Funding by IKS-MoE

Tabla : *H.* [illegible]
CC-0 Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Violin : Anant Jog

Tanpura : Narendra Padukone, S. M. Bailur





Tabla : Y. R. Ingle

Harmonium : V. G. Jog

Tanpura : M. S. Shete, Vasant Panshikar

(Bhaskarbuwa Bakhale Punyatithi Sangit Samaroh)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



Tabla : *S.V. Patwardhan*
Sarangi : *Amir Bux*
Violin : *G.G. Kharadkar*
(At the AIR Studio)

Tabla : *Shripad Nageshkar*
Sarangi : *A. Kerkar*
Tanpura : *M. S. Shete, V. S. Kamat*

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.
जयदेवसिंह, डा. एस. आर. भट्टाचार्य, डा. सरस्वती देवी आदि थे। इस समितिका कार्य आकाशवाणी-कलाकारों का स्तर निर्धारित करना था। इस समिति के कार्य का अच्छा परिणाम भी निकला, किंतु चिदानंद ने पं. रातंजनकर से चर्चा करके संगीत-प्रचार के लिए नया अभियान चलाया, जिसका सुफल भी निकला। चिदानंदजी मूलतः 'श्रवण कसौटियों' के विरोधी थे। उनका मत था कि कसौटी रखनी ही है तो कलाकारों को खुले मंच पर बुलाकर उन्हें जनता के समक्ष गाने के लिए कहा जाय। श्रोताओं में साहित्य-संगीत-कला के विद्वान और बुजुर्ग उस्ताद रहें। ऐसे खुले वातावरण में कसौटी की व्यवस्था की जाय, न कि वातानुकुलित बंद कमरे में।

आचार्य चिदानंद नगरकर की संगीत-शिक्षा की प्रणाली अपने ढंग की विशेष थी। दूसरी कक्षा से 'संगीत विशारद' की पांचवी कक्षा तक शिक्षा वे स्वयं देते थे। चिदानंदजी हम छात्रों से कहा करते थे, ''अच्छा शिष्य वही बन सकता है, जो अथक परिश्रम करे, कठोर साधना करे, श्रद्धाभाव से गुरु के मार्गदर्शन में संगीत का अभ्यास करे। जो तालीम व ज्ञान गुरु से मिला है, उसे ही मनोयोग से अच्छी तरह गाओ और गाते समय जो पेश करना है उसे सोच समझकर पेश करो।

ख्याल गायन-शैली किस प्रकार प्रभावकारी हो सकती है, उस पर गुरुवर छात्रों को अपने अनुभव से सही मार्ग दिखाते, और उनका पथ आलोकित करते थे। वे उदाहरण देकर अपने मत को स्पष्ट भी करते थे। उनका कहना था कि दो-चार स्वरों से राग की प्रतीति हो जानी चाहिए। विष्णु नारायण भातखण्डे एवं विष्णु दिगंबर पलुस्कर के अतुलनीय योगदान के फलस्वरूप आज संगीत का काफी प्रचार हुआ और छात्रगण राग पहचानने भी लगे है। जहाँ तक गुरुजी की तालीम की प्रणाली का प्रश्न है, चिदानंदजी पहले ध्रुपद अंग से नोम-तोम सिखाया करते थे - यानी इस भव्य स्वरूप का दर्शन कराते थे। बाद में तिलवाडा, झुमरा, एकताल या अन्य किसी ताल में बडा खयाल लेते थे। उस खयाल के स्थायी, अंतरा ठीक ढंग से सिखाकर आकारआलाप, उपजआलाप, बोल आलाप सिखाने के बाद मात्र छोड़कर स्थायी व उपज अंग गाने का अभ्यास कराते थे। ख्याल सिखाते समय वे इस बातपर विशेष ध्यान रखते थे कि शब्द टूटने न पाये। छात्रों को स्वयं तानें तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाता था। बाद में उस स्वर-करण की परीक्षा भी होती थी। स्वयं तबला बजाकर शिक्षा देते और लयकारी सिखाते। उनका कहना था कि जिस प्रकार तानपुरे से स्वर सुनते हो, उसी प्रकार ताल कान से सुनो; तबला या

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तबलावादक की ओर देखकर मत गावो। सपाट-तान, छूट-तान, कूट-तान, गमकयुक्त - तान (हुंकार, रिकार, उकार आदि), सीने से गमक निकालने की प्रणाली, उस समय मस्तिष्क - गला - फेफडे व स्वर की अवस्था आदि का गहन विवेचन प्रत्यक्ष प्रदर्शन से करते थे। उनकी शिक्षा थी कि स्वयं बनायी हुई तानें पहले कंठस्थ करो और उनकी स्वरलिपि बाद में लिखो। चिदानंद जी के कंठ से उपर्युक्त सभी प्रकार की तानें सहजभाव से निकल सकती थी। गुरुवर के गाने में बड़ी जटिल तानें भी सरलता से निकलती थी - इन विविधांगी तानों का जैसे दर्शन होता था। 'अधिक तानबाजी से राग की क्षति ही होगी' - यह उनका दृढ विश्वास था। तालीम के समय किसी प्रकार नरमाई नहीं थी - पाठ याद करके न आना या अभ्यास में कोताई करना किसी भी प्रकार क्षम्य नहीं था। तालीम अवश्य कड़ी थी किंतु अपने छात्रों पर उन्हें गर्व भी था। पं. चिदानंदजी रस-निष्पत्ति के प्रति बड़े सजग थे। छात्रों को आलाप, स्थायी, अंतरा, बड़ा-छोटा खयाल, न्यास आदि की शिक्षा देते समय रस के सिद्धान्त पर विशेष जोर देते थे। वे यह भी बताते थे कि राग-प्रकृति के अनुसार गायन-शैली में कैसे कैसे रंग भरने चाहिए।

ध्रुपद-धमार गायन शैली सिखाते समय गुरुवर्य नोम-तोम आलाप, स्थायी, अंतरा, संचारी, आभोग की व्यवस्थित शिक्षा देते थे। इस आलाप में लयकारी 'सुप्त' रहती है। केवल आलाप सुनकर ही (पखावज-वादन न होते हुए भी) लयकारी का रूप स्पष्ट हो जाना चाहिए। इन आलापों में रागांग के साथ तालांग भी प्रच्छन्न रहता है। किन्तु जब बन्दिशें गायी जाती है, तब 'गणित-शास्त्र' के अनुसार स्थायी-अंतरा अंगों का दुगुन-तिगुन-डेढगुन-चौगुन का अभ्यास करने से लयकारी दिखायी जाती है। इसकी संपूर्ण जानकारी देते समय वे कहा करते थे कि ध्रुपद गायन शुरू से ही सीखना चाहिए, क्योंकि लयकारी को आत्मसात किया जा सकता है। वे यह भी बताया करते थे कि गायन में लम्बा-पूरता श्वास कैसा लेना चाहिए एवं मींडयुक्त गायन में लयकारी दिखाने के लिए इसका किस प्रकार प्रयोग करना चाहिए।

टप्पा शैली की शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को पहले यह देख लेना चाहिए कि उसका गला तीन सप्तकों में सरलता से घूम रहा है। गुरुवर छात्रों को यह भी बताते थे कि सक्षम कलाकार बनने के लिए क्या-क्या करना चाहिए। अपने अनुभव बताते हुए वे यह भी बताते थे कि श्रोतागण किस प्रकार के होते है और वे क्या सोचकर गायन सुनने आते हैं। वे रसिकों को प्रभावित करने सम्बन्धी तथ्यों पर भी प्रकाश डाला करते

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh
थे। उनका कहना था कि अच्छा शिक्षक बनने के लिए अच्छा प्रायोगिक कलाकार बनना जरूरी है।

गुरुवर चिदानंद का कहना था कि हमारा संगीत दैविक संगीत है और निसर्ग, संगीत और अध्यात्म का नाता भी वैसा ही है जैसा कि धरती, सागर और चन्द्रमा का है।

ठुमरी गायन शैली सिखाते समय गुरुवर ने पहले ठुमरी शब्द की पारिभाषिक और शास्त्रीय व्याख्या की और इसकी विभिन्न शैलियों को प्रत्यक्ष गाकर स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि ठुमरी के लिए गला कैसे घुमाना चाहिए और शब्दों का किस प्रकार कहना चाहिए जिससे कि भाव पूर्णतया मूर्त हो सके।

गुरुवर चिदानंदजी ने हमें जिस प्रकार की शिक्षा दी, उसे 'नायकी' कहा जा सकता है। ऐसी उच्चस्तरीय तालीम पाने वाले हम छात्र भाग्यवान रहे।

गुरुवर चिदानंद नगरकर प्रतिभावान संगीतकार थे, जो ग्वालियर, आगरा, किराना और जयपुर चारों शैलियों का प्रत्यक्ष ज्ञान कराने में सक्षम थे। उनका कहना था कि प्रत्येक घराने का अपना रंग है। उनका कहना था कि हद्दू-हस्सू खां, भूगंधर्व रहमतखां (ग्वालियर), उस्ताद रस्थम पीरबक्श, उस्ताद विलायत हुसेन खां, उस्ताद फैयाज खां (आगरा), उस्ताद अब्दुल करीम खां (किराना) और उस्ताद अलादिया खां (जयपुर) - अतरौली- ने अपने अपने घराने प्रस्थापित किये और उस गायकी को विराट रूप दिया। गुरुवर विभिन्न घरानों के कलाकारों के जीवन से सम्बधित कथाऐं सुनाया करते थे। उन्होंने पं. विष्णु नारायण भातखन्डे एवं पं. विष्णु दिगंबर पलुस्कर के योगदान और साहसिक कार्य का जिक्र किया। पं. भातखण्डे ने अपने ग्रंथ - श्रीमल्लक्ष्यसंगीतम्, हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति, क्रमिक पुस्तक मालिका आदि से संगीत - जगत का बड़ा उपकार किया है। चिदानंदजी की गायकी आगरा घराने की 'रंगोली' गायकी थी। चिदानंदजी कहा करते थे कि राग कोई भी हो, जब उसे पेश किया जाय तो एक सुन्दर शिल्पाकृति का निर्माण होना चाहिए जिससे रसिक श्रोताओं को 'दृश्य' एवं 'श्राव्य' दोनों का आनंद मिल सके। उनका यह भी कहना था कि पुरानी बंदिशे जिन तालों में निबद्ध है, उन्हें उन्ही तालों में सही ढंगसे गाना चाहिए। ध्रुपद के 'नोम-तोम' आलाप के बारे में उनका कहना था कि यह 'ओम अनन्त हरि नारायण' का ही रूप है, जो देवी सप्तसती ग्रंथ के बीजमंत्र 'ओम श्री ऐं न्हीम्' से मिलता जुलता है। अतः यह दैविक एवं प्रासादिक है। उनकी अधिकारिक मान्यता थी कि आलाप का 'न्हीं, तें,

Funding by IKS-MoE

रें, नें, न्हूम्' इस प्रकार अपभ्रंश हुआ है। अनुसंधान प्रवृत्ति के गुरुवर चिदानंदजी ध्रुपद के पूर्व प्रचलित प्रबन्ध गान पर प्रकाश डालते और बताते कि हमें सामगान पर भी विचार करना पड़ेगा, तभी हमें संगीत के क्रमिक विकास का सम्यक ज्ञान हो सकेगा।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

एक बार उस्ताद फैयाज खां का गायन सुनने के बाद जब मै उनसे मिलने गया तब उन्होंने पूछा - "गाना सीखते हो? किसके शागिर्द हो?" जब मैंने गुरू का नाम बताया तो उस्ताद ने कहा कि चिदानन्द तो मेरा कलेजा है, तुम बडे भाग्यवान हो, जो उनसे तालीम पा रहे हो।' खां साहब सूफी कलाकर थे। गुरुवर चिदानन्दजी की तालीम का ही यह सुफल था कि मुझे सन् १९५९ के भवन संगीत-नर्तन शिक्षा पीठ के दीक्षान्त समारोह में 'संगीत विशारद' में प्रथम आने के उपलक्ष्य में बहुमूल्य पुरस्कार 'तानपुरा' मिला।

पं. चिदानंद नगरकर का व्यक्तित्व भव्य था। काले-नीले रंग की शेरवानी, खास लखनवी कुर्ता-पायजामा, पार्टी के समय सूट पहननेवाले पं. चिदानंदजी रौबदार दिखाई देते थे। विविध विषयों में रुचि रखनेवाले गुरुवर को तत्वज्ञान, ज्योतिष-होरा-प्रश्नकुण्डली-रमल विद्या का ज्ञान था और किसी आगन्तुक का चेहरा देखकर वे यह बता देते थे कि वह किस उद्देश्य से आया है। वैदिक मंत्रों का भी उन्होने अध्ययन किया और 'मंत्रमहार्णव' का पारायण भी। स्व. कन्हैयालाल मुंशी और स्व. लीलावती मुंशी के मन में गुरुजी के प्रति बड़ा सम्मान था। गुरुवर चिदानंदजी जीवन के अंतिम काल में सत्य साईबाबा के भक्त हो गये थे। वे 'तत्त्वज्ञान सनातन हिन्दु धर्म' विषय पर प्रति रविवार को भाषण देने लगे थे। प्रवचन सुनकर ही सत्य साईबाबा ने उन्हें आचार्य की उपाधि प्रदान की और अहमदाबाद भेजा। अहमदाबाद से लौटने पर कुलपति श्री. मुंशी के अनुरोध पर सत्य साईबाबा का विद्याभवन हाल में भव्य स्वागत किया गया।

